# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

## ◆ मिशन शक्ति अभियान 5.0 वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) अभियान के तहत पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर परिसर की साफ-सफाई कर चलाया गया स्वच्छता अभियान।

आज दिनांक 05.10.2025 को डॉ.अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) अभियान के तहत साफ-सफाई कर आज एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया । जिसमें स्वच्छता को महिलाओं के सशक्तिकरण से जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाना, साथ ही महिला पुलिसकर्मियों एवं परिवारों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना था । इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित सभी अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना शिवनगर डिडई मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थानाक्षेत्र के जामिया इस्लामिया अकबरपुर जमुनी में जाकर पम्पलेट वितरित करते हुए जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.10.2025 को मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई के निर्देशन में उप निरीक्षक अयोध्या यादव, का0 गुड्डू यादव, का0 बृजेश यादव, महिला हेड कास्टेबल नीलम शुक्ला द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 सुरक्षा के सम्बन्ध मे ग्राम जमुनी में जामिया इस्लामिया अकबर पुर जमुनी में बालिकाओं को उनके अधिकारो के सम्बन्ध में जागरुक किया गया तत्पश्चात प्रधानाचार्य श्री शैये अब्दुला मालिका सल्फी के उपस्थित में छात्र छात्राओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया एवं यातायात नियमों के पालन के लिये निर्देशित किया गया व सूरक्षा से सम्बन्धित पम्पलेट का वितरण किया गया। एण्टी रोमियो चेकिंग के दौरान 10मनचलो को माफी नाफा भरा कर छोड़ा गया एवं अनियमिता पाये जाने पर 02 वाहनो का ई-चालान किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थानाक्षेत्र के ग्राम नीवी दोहनी चौपाल लगाकर जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, प्रवीण प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05/10/2025 को संतोष तिवारी प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम उ0नि0 राज कुमार यादव, मु0आ0 अविनाश सिंह आ0 पवन मौर्या, म0का0 उर्मिला देवी, मंजू सरोज द्वारा ग्राम नीवी दोहनी थाना शोहरतगढ में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

**प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थानाक्षेत्र के ग्राम सोनौरा टोला इस्मैंली में चौपाल लगाकर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में,** मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.10.2025 को रोहिनी यादव  थाना प्रभारी प्रशिक्षु उपाधीक्षक, मीरा चौहान थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर मय मिशन शक्ति टीम का0 प्रदीप उपाध्याय, म0का0 पूजा यादव, म0हे0का0 पूनम गुप्ता, म0का0 सुशीला द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 सुरक्षा के सम्बन्ध मे ग्राम सोनौरा टोला इस्मैंली में चौपाल लगाकर महिलाओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई । इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भिक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया यातायात नियमों के पालन के लिये निर्देशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों को थाना - पथरा बाजार पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05/10/2025 को अमित कुमार थानाध्यक्ष पतरा बाजार के नेतृत्व में थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पिपरामलाल झहराव में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

प्रेस नोट- दिनांक 05/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में प्रभारी महिला थाना पुलिस द्वारा बहु सम्मेलन जागरुकता अभियान चलाकर जागरुक किया गया।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में  प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौर्यान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05/10/2025 प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा  थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के बसडिलिया गांव की बहुओं को चौपाल लगाकर बहु सम्मेलन कर जागरूक किया गया तथा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर तथा नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**प्रेस नोट दिनांक 05.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर" में जनपद के समस्त थानों से उपस्थित "डिजिटल वॉरियर्स" के साथ में गोष्ठी किया गया।

◆गोष्ठी कर डिजिटल वॉरियर्स को साइबर अपराधों, सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और फेक न्यूज आदि के बारे मे जागरुक किया गया।

पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में जनपद के समस्त थानों से आए "डिजिटल वॉरियर्स" ने भाग लिया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य डिजिटल वॉरियर्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और फेक न्यूज को रोकने में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करना तथा समाज में साइबर जागरूकता अभियान को गति प्रदान करना है। अपर पुलिस अधीक्षक ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए डिजिटल वॉरियर्स की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग से न केवल सामाजिक सौहार्द को खतरा उत्पन्न होता है, बल्कि व्यक्तिगत और आर्थिक नुकसान भी बढ़ रहा है। डिजिटल वॉरियर्स को समाज का एक जिम्मेदार हिस्सा बताते हुए उन्होंने अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और समाज को सुरक्षित बनाने में योगदान दें। इस तरह के प्रयास न केवल साइबर अपराधों को कम करने में सहायक होंगे, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी बढ़ाएंगे। इनका दायित्व है कि वे अफवाहों को रोकें, फेक न्यूज को पहचानें और बिना सत्यापन के किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा न करें। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। गोष्ठी में उपस्थित डिजिटल वॉरियर्स को अपने कर्तव्यों का पालन करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही पुलिस के सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने और आम जनता को साइबर अपराधों से बचाने में सहयोग करने का आह्वान किया गया तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा साइबर जागरूकता हेतु Cyber Dost नाम से संचालित किए जा रहे X(ट्विटर), फेसबुक एवं इंस्टाग्राम अकाउंट एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के अकाउंट @UPPolice के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट- दिनांक 05.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे एक दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

आज दिनांक 05.10.2025 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे थानो के साइबर सेल मे नियुक्त उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी/आरक्षीगण के साथ एक दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की रोकथाम, डिजिटल तकनीकी विधियों का प्रयोग, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने की प्रक्रिया, डिजिटल साक्ष्यों के संकलन/संरक्षण की विधि तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सतर्कता उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को आधुनिक तकनीक एवं साइबर अपराधों से निपटने हेतु सक्षम एवं दक्ष बनाना है, ताकि जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस दौरान प्रभारी साइबर थाना व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 05.10.2025 महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

◆माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी जनपदों व थानों में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के अभियान के तहत महिला थाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा 03 परिवारों के बीच हुए मनमुटाव को दूर करते हुए 03 जोड़े को एक साथ विदा किया गया।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सोरयान के कुशल पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 05.10.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 05 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 03 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 03 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 03 परिवारों को बिखरने से बचाने में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय, काउंसलिंग टीम में उपनिरीक्षक राम नारायण शुक्ला महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़ व महिला आरक्षी शिवानी सिंह, नेहा सिंह, प्रियंबदा सिंह, रीना प्रगति राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

निस्तारित पत्रावली का विवरण निम्न है--

01.अनीता पत्नी राम भवन साकिन पतसिया थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.माया पत्नी राम गोविंद साकिन बनगवां थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

03.नजमा पत्नी मोहम्मद रेहान साकिन देवकली महादेवा लाल थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आपरेशन कवच के तहत एसएसबी कैम्प बढ़नी पर एसएसबी व थाना ढ़ेबरुआ पुलिस तथा इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी की गयी तथा भारत-नेपाल अंन्तर्राष्ट्रीय बार्डर पर पैदल गस्त किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 05.10.2025 को क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा एसएसबी कैम्प बढ़नी पर थाना ढेबरुआ पुलिस तथा एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर ऑपरेशन कवच के उद्देश्यो से अवगत कराया गया तथा किसी भी अवैध गतिविधियों इत्यादि के सम्बंध में तुरन्त सूचना देने हेतु बताया गया तथा भारत-नेपाल अंन्तर्राष्ट्रीय बार्डर पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान प्रभारी आपरेशन कवच व थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ सहित एसएसबी व पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत थाना शोहरतगढ मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा पति–पत्नी के बीच आपसी मतभेद को काउंसलिंग कर सुलह समझौता कराकर उनके टूटते परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ पवीन प्रकाश के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05-10-2025 को प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ संतोष तिवारी के नेतृत्व में श्रीमती पुनीता पत्नी सोनू निवासी सबई थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धर्थनगर के द्वारा थाना स्थानीय पर दिये गये प्रार्थना पत्र में पति के द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया जिसके सम्बन्ध मे पति सोनू कुमार को थाने पर बुलाकर मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से थाना शोहरतगढ की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा काउंसलिंग किया गया जिसके तहत दोनो पति पत्नी स्वेच्छा से साथ मे रहने हेतु अपने परिजनो के समक्ष राजी हो गये।

**निस्तारित पत्रावली की विवरण--**

01-श्रीमती पुनीता पत्नी सोनू ग्राम सबई थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

**मिशन शक्ति/ काउंसलिंग टीम का विवरण-**

01-उ0नि0 राजकुमार यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

02-हे0का0 अविनाश सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

03-का0 पवन मौर्या थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

04-म0का0 उर्मिला देवी, मंजू सरोज थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 05.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित 01 नफर अभियुक्त को थानाक्षेत्र के देवरी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण व अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 05.10.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 166/2025 धारा 137(2),64(1) BNS, 5/6 पाक्सो एक्ट तथा 3(2)V SC/ST एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गफ्फार पुत्र अनारुल्लाह साकिन देउरी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को थानाक्षेत्र के देउरी मोड के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

01.गफ्फार पुत्र अनारुल्लाह साकिन देउरी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण--

01.उ0नि0 हरेन्द्र शरण शुक्ला खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आरक्षी सोनदेव कुमार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆**मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थानाध्यक्ष खेसरहा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम पंचायत अकोल्ही मे महिलाओ को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध के संबंध में चौपाल लगाकर पम्पलेट वितरित करते हुए जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु मिशन शक्ति फेज-05 अभियान" के तहत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.10.2025 को अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर मय टीम द्वारा ग्राम पंचायत अकोल्ही मे चौपाल लगाकर महिलाओ को जागरुक करते हुए मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, और स्वास्थ्य/एम्बुलेंस सेवा 102/108 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओ को बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या समस्या के समय वे बिना किसी झिझक के इन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी शिकायतों को गोपनीय रखा जाएगा और त्वरित कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओ को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण बाते बताई गयी, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। महिलाओ को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और निर्भीक होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम पंचायत रामपुर में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायिका, आशा बहू, बी सी सखी, आँगनवाड़ी की महिलाओ को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध के संबंध में चौपाल लगाकर पम्पलेट वितरित करते हुए जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु मिशन शक्ति फेज-05 अभियान" के तहत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.10.2025 को रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम पंचायत रामपुर में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायिका, आशा बहू, बी सी सखी, आँगनवाड़ी की महिलाओ को जागरुक करते हुए मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, और स्वास्थ्य/एम्बुलेंस सेवा 102/108 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओ को बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या समस्या के समय वे बिना किसी झिझक के इन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी शिकायतों को गोपनीय रखा जाएगा और त्वरित कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओ को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण बाते बताई गयी, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। महिलाओ को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और निर्भीक होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## प्रेस नोट दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका को तलाश कर उसके माता को सुपुर्द किया गया तथा माता द्वारा पुलिस टीम की भूरि-प्रशंसा की गयी ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति केन्द्र फेज 5.0 के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता की नेतृत्व में आज दिनांक 05.10.2025 को मिशन शक्ति केन्द्र पर श्रीमती नीलम द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि उसकी लड़की मोनी पुत्री मदन ग्राम बेलवरिया थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 17 वर्ष जो घर से बिना बताए कहीं चली गयी है तथा खोजने पर नही मिल रही है। प्रार्थना पत्र की जांच थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम के उ0नि0 शिवशंकर शर्मा, नागेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्य आऱक्षी कमलेश यादव व महिला आरक्षी करिश्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते गुमशुदा बालिका मोनी को बरामद कर उनकी माता नीलम को सुपुर्द किया गया। मिशन शक्ति टीम की बालिका की माता द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

**प्रेस नोट दिनांक 05.10.2025जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

**डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.10.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर मे करौंदा मशीना, सनई, नादेपार, नगरा, सजनी, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।**

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**
**01-म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.महिला मुख्य आरक्षी मधु एण्टी रोमियो स्क्वायड।**
**03.महिला आरक्षी मंजू एंटी रोमियो स्क्वायड।**
**04.आरक्षी श्री प्रकाश चौरसिया एंटी रोमियो स्क्वायड।**

प्रेस नोट- दिनांक 05-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार महर्षि बाल्मिकी जयन्ती, दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में दंगा निरोधी उपकरण के साथ दंगा नियन्त्रण ड्रिल/पैदल गश्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 05.10.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार महर्षि बाल्मिकी जयन्ती, दीपावली, गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंगा निरोधी उपकरण के साथ दंगा नियन्त्रण ड्रिल/ पैदल गश्त किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।